बिहार विधान-सभा वादवृत्त।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा-सदन में शुक्रवार, तिथि ६ दिसम्बर, १९६० क पूर्वाह्न ९ बजे अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

तारांकित प्रश्नोतर।

**Starred Questions and Answers.**

वेतन की चुकती।

४८३। श्री रामअशीश सिंह—क्या मंत्री, ग्राम पंचायत विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि श्री जगमोहन सिंह, सा० रेड़िया (शाहाबाद), ग्राम सेवक का काम, शाहाबाद जिलान्तर्गत लतरा ग्राम पंचायत में १ जून १९५५ से करते आ रहे हैं;

(२) क्या यह बात सही है कि श्री जगमोहन सिंह, ग्राम सेवक को जून, १९५६ एवं फरवरी, १९५७ का वेतन अभी तक नहीं मिला है;

(३) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार इनका बकाया वेतन शीघ्र दे देने को सोचती है; यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं, तो क्यों?

श्री हृदयनारायण चौधरी—अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न मनीआर्डर के भुगतान के प्रमाण के लिये स्थगित किया गया था। इस संबंध में जिला पंचायत अधिकारी आरा के पोस्टमास्टर से मिले थे लेकिन आरा पोस्ट आफिस में पुराने कागज उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने इस संबंध में पोस्ट आफिस के सुपरिंटेंडेन्ट से मुलाकात की और बातचीत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इसकी छानबीन करके वे जवाब देंगे। इस संबंध में हम लिखा पढ़ी कर रहे हैं।

*श्री राम अशीष सिंह—सेशन तो अब खतम हो रहा है और इसका जवाब अब कब मिलेगा? क्या सरकार उनको पेमेन्ट कर देगी और मनीआर्डर का रुपया वापस आने पर ले लेगी?

श्री हृदयनारायण चौधरी—हम इसकी जांच कर रहे हैं। जब मनीआर्डर कर दिया जाता है तो यह समझा जाता है कि पेयी रुपया पा गया और यही कानून का प्रिजम्पशन है। मनीआर्डर का रुपया उनको मिल जायेगा।

PAYMENT OF THE MONEY.

**1335. Shri RAMANAND SINGH :** Will the Minister incharge of the Revenue Department, be pleased to state—

(1) whether it is a fact that there was outbreak of fire in village Narwara, P.-S. Belsand, district Muzaffarpur this year (1960).

(2) whether it is a fact that money was sanctioned to the victims for their help, if so, whether it is a fact that they have not got money as yet?

श्री राधागोविन्द प्रसाद--(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) स्वीकृत रकम तिथि ११ नवम्बर, १९६० को बांटी जा चुकी है।

---

INCREMENT OF THE KARAMCHARIS.

**1339. Shri SUKHDEO MANJHI :** Will the Revenue Minister be pleased to state—

(1) whether it is a fact that Karamchars of Revenue Department in P.-S., Sasaram Sheosagar, Dehri, Nokha, Durgawati, Bikramganj, Dinara, Chanari, Rohtas, Adhaura, Bhabhua, Chainpur, Chand, Mohama, Kudra, Karmanash in the district of the Shahabad have not been given a single increment in their salary;

(2) whether it is a fact that they are not being paid the house rent and travelling allowances in time;

(3) if the answers to the above clauses be in the affirmative, the immediate steps Government propose to take in this direction, if so, when, if not, why?

श्री राधागोविन्द प्रसाद--(१) वस्तुतः यह बात सत्य नहीं है। सभी कर्मचारियों को समय पर वेतन वृद्धि दी गयी है। उन कर्मचारियों की वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही है, जो दक्षता रोक पर तथा हिन्दी की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हुए हैं और यह नियमानुकूल है।

(२) वस्तुतः यह बात सत्य नहीं है। जब कर्मचारी अपनी यात्रा भत्ता का विपत्र उपस्थापित करते हैं तो उन्हें आवंटन रहने पर समय पर अवश्य दे दिया जाता है। मकान किराया देने का कोई आदेश नहीं है।

(३) खंड (१) और (२) के उत्तर से यह प्रश्न नहीं उठता।